तापमान

अधिकतम 45.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 21 मई 2024



11 चुनावों को अहिंसा और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन का कर्तव्य: मनोज



12 चौराहों पर लंबे समय बाद नई ट्रैफिक लाइटें लगाने का कार्य शुरू




## बस स्टैंड परिसर में तैयार किया जा रहा चार्जिंग स्टेशन

# शहर में सिटी सेवा शुरू करने की तैयारी जून माह से दौड़ेंगी पांच इलेक्टिक बसें

■ रेवाड़ी डिपो की ओर से निदेशालय को पहले ही भेजा जा चुका प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रोडवेज डिपो ने आगामी माह से शहर में सिटी सेवा शुरू करने की तैयारी कर ली है। आगामी जून माह में रोडवेज डिपो को पांच इलेक्ट्रिक बसें मिल जाएंगी। इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने के लिए बस स्टैंड परिसर में चार्जिंग स्टेशन का फाउंडेशन तैयार किया जा रहा है। शहर की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ाने के लिए रोडवेज विभाग की ओर से प्लान व रूटमैप बनाकर निदेशालय को भी भेजा जा चुका है। आने वाली पांच इलेक्ट्रिक बसों को सरकुलर रोड, रेवाड़ी से धारूहेड़ा, बावल, कुंड, मीरपुर, सेक्टर-18 कॉलेज व पटौदी रूट पर चलाया जाएगा। रेवाड़ी रोडवेज डिपो को 50 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। पहले चरण में ट्रायल लेने के बाद आगामी दिनों में आने वाली 45 बसों को अन्य रूटों पर चलाया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसों के लिए अभी किराया निर्धारित नहीं किया गया है। निदेशालय के आदेशानुसार किराया निर्धारित करके बसें चलाई जाएंगी।





रेवाड़ी। रेवाड़ी में इस तरह की आएंगी इलेक्ट्रिक बसें, बस स्टैंड में तैयार किया गया चार्जिंग स्टेशन का फाउंडेशन। फोटो :हरिभूमि

### प्रदेश के दो शहरों में चल रही इलेक्ट्रिक बसें

पानीपत और यमुनानगर में इलेक्ट्रिक बसों की शुरूआत पहले ही हो चुकी है। पहले चरण में पानीपत, यमुनानगर, अंबाला, करनाल, सोनीपत रोहतक, हिसार और रेवाड़ी में इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होनी है। दो जिलों में इन बसों की शुरूआत हो चुकी है। बाकी 6 शहरों में जून तक इन बसों का संचालन कर किया जाएगा। बढ़ते प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 375 इलेक्ट्रिक बसों को खरीदा गया है। इलेक्ट्रिक बसों के लिए इन शहरों में चार्जिंग सटेशन तैयार किए जा रहे है। इन बसों के संचालन से प्रदूषण कम होगा तथा लोगों को बस सेवा को काफी फायदा मिलेगा। शहर में 10 साल पहले दो बार सिटी सेवा चलाई थी, लेकिन सरकुलर रोड पर जाम की परेशानियों व बसों की कमी के कारण यह सेवा बंद कर दी गई थी।

### चार्जिंग स्टेशन बनाने का कार्य तेज

रोडवेज विभाग की ओर से इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने के लिए बस स्टैंड परिसर में चार्जिंग स्टेशन बनाया जा रहा है। बसें जून माह में आने की पूरी संभावना हैं, इसलिए विभाग की ओर से सिंगल चार्जिंग स्टेशन तैयार किया जा रहा। हालांकि मुख्य चार्जिंग स्टेशन रामगढ़ रोड पर बनने वाले नए बस स्टैंड पर ही बनाया जाएगा, लेकिन फिलहाल वहां अभी काम शुरू नहीं हुआ है। निदेशालय से अप्रूवल मिलने के बाद नए बस स्टैंड का कार्य लोकसभा चुनाव के बाद ही शुरू हो पाएगा।

### बसों के आते ही चला दिया जाएगा



*लंबे समय से महानगरों की तर्ज पर रेवाड़ी में सिटी बस की जरूरत महसूस की जा रही थी। इलेक्ट्रिक बसों के लिए रूट बनाकर निदेशालय भेजा जा चुका है। जून में आने वाली 5 इलेक्ट्रिक बसों के लिए बस स्टैंड में चार्जिंग स्टेशन तैयार किया जा रहा है। बसों के आते ही चला दिया जाएगा।*

*-देवदत, जीएम, रोडवेज।*

### राजमार्गों तक मिलेगा सिटी बस सेवा का लाभ

दिल्ली-जयपुर, रेवाड़ी-बीकानेर, रेवाड़ी-रोहतक व रेवाड़ी-पटौदी-गुरुग्राम चार राष्ट्रीय राजमार्गों से रेवाड़ी की कनेक्टिविटी हो चुकी है। तीन नेशनल हाइवे को जोड़ने वाले 14 किमी लंबे बाइपास से सफर भी सुगम होने वाला है। गढ़ी बोलनी रोड, एनएच-71 सहित अन्य मार्गों पर तेजी से बिल्डिंगों का भी निर्माण हो रहा है। लंबे समय से महानगरों की तर्ज पर रेवाड़ी में सिटी बस की जरूरत महसूस की जा रही थी। परिवहन विभाग के की ओर से जून माह में इलेक्ट्रिक बसें चलाने से इन मार्गों पर लोगों को काफी सुविधा मिल जाएगी।

## पार्किंग में खड़ी कार से सामान चोरी

### सहकर्मी सीसीटीवी में नजर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजेश पायलट चौक के पास एक अस्पताल की पार्किंग में खड़ी कार से हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर उसका सहकर्मी ही चोरी करते हुए नजर आया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में मॉडल टाउन निवासी अनिल सोनी ने बताया कि वह पायलट चौक के पास एक अस्पताल में काम करता है। उसने अपनी गाड़ी अस्पताल की पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह गाड़ी के पास पहुंचा तो गाड़ी के दरवाजे अनलॉक मिले। कार से स्टेपनी का टायर, एक खेल किट, जूते व पर्स गायब मिले। पर्स में उसके 27250 रुपये थे। उसने आसपास पता किया, लेकिन चोरी का सुराग नहीं मिला। बाद में जब सीसीटीवी फुटेज चेक की, तो एक व्यक्ति गाड़ी से सामान चोरी करते हुए नजर आया। ध्यान से देखने पर वह अस्पताल में ही पहले उसके साथ काम कर चुका गुरूग्राम के हेलीमंडी निवासी विशाल निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

## सड़क हादसे में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत

■ अज्ञात वाहन की चपेट में आई बाइक, मौके पर ही तीनों ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सोमवार सुबह निखरी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक व दो महिलाओं की मौत हो गई। आधार कार्ड से युवक की पहचान हो गई, जबकि महिलाओं की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। सुबह करीब पौने 6 बजे निखरी के पास हाइवे पर तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गई। वहां एक युवक और दो महिलाएं सड़क पर तड़प रहे थे। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त पड़ी थी। किसी वाहन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर एंबुलेंस से तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस को युवक की जेब से एक आधार कार्ड मिला, जिसके आधार पर उसकी पहचान फरीदाबाद के नेहरू कॉलोनी निवासी 36 वर्षीय नीरज के रूप में हुई। पुलिस दोनों महिलाओं की पहचान कराने में लगी हुई थी।



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में मृतकों का पोस्टमार्टम कराने पहुंची पुलिस।

## मारपीट करते हुए कार के शीशे तोड़े

### कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीएमजी मॉल के पास गाड़ी चालक से मारपीट करते हुए कार के शीशे तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। धारूहेड़ा की एक सोसायटी में रहने वाले मोहित ने पुलिस बयान में बताया कि वह और उसके मामा की लड़की बीएमजी मॉल से बाहर आए थे। जब वह मॉल के सामने खड़ी कार लेकर चलने लगा तो गोकलगढ़ निवासी अरविंद, सैनी मोहल्ला निवासी राजकुमार व विनोद की पत्नी सुमन वहां पहुंच गए। उनके साथ पांच लोग और मौजूद थे। मोहित ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसकी दादालाही की जमीन मां या मामा के नाम नहीं कराने पर यह लोग पहले ही उसे जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। लोगों की भीड़ एकत्रित होने के बाद यह लोग धमकी देकर गाड़ी का शीशा तोड़ते हुए भाग गए। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## योग, ध्यान एवं प्राणायाम से बौद्धिक शक्ति का होता है विकास

**रेवाड़ी।** गांव करावरा मानकपुर स्थित दी हैरिटेज ग्लैक्सी इंटरनेश्नल स्कूल में नई दिशा युवा मंच की ओर से योग एवं ध्यान कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर योगाचार्य दयाराम आर्य तथा ममता सैनी ने विद्यार्थियों को योगासन कराया तथा योग के महत्व को बताते हुए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल डायरेक्टर कमल यादव व प्रिंसिपल रश्मि यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। योगाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराते हुए कहा कि योग हमारी प्राचीन संस्कृति है। हमारे दिव्य योग परंपरा के कारण ही हिंदुस्तान विश्व गुरु था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी योग, ध्यान एवं प्राणायाम से न केवल स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं, अपितु अपनी बौद्धिक शक्ति का भी विकास कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को अनुलोम-विमोल, कपालभाति, भस्त्रिका व भ्रामरी प्राणायाम के साथ-साथ लंबाई बढ़ाने तथा स्वस्थ रखने के तमाम योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने इस भीषण गर्मी के मौसम में अपने आहार संबंधी भी विस्तृत जानकारी दी। योगाचार्य ने विद्यार्थियों से मोबाइल तथा फास्ट फूड से दूरी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन दोनों चीजों से दूरी बनाकर विद्यार्थी शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनता है। नई दिशा युवा मंच के संयोजक एडवोकेट निशांत यादव ने कहा कि योग आज के समय की आवश्यकता बन चुका है। बच्चों को ध्यान-ज्ञान का महत्व समझाने तथा उनके बौद्धिक विकास के लिए ही कैंप का आयोजन किया गया है। इस मौके पर सभी स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में योगा करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## पुलिसकर्मी की हत्या का आरोपी काबू

■ कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वर्ष 2016 में नाकेबंदी के दौरान पुलिसकर्मियों पर पिकअप गाड़ी चढ़ाकर फरार हुए एक आरोपी को मॉडल टाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। 10 अप्रैल 2016 की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि एक पिकअप गाड़ी में गोकशी के लिए गायों को भरकर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने राजेश पायलट चौक के पास नाकेबंदी कर दी। कुछ समय बाद एक बिना नंबर प्लेट की पिकअप गाड़ी वहां आई। गाड़ी चालक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो उसने गाड़ी पुलिसकर्मियों पर चढ़ा दी। इससे एक पुलिसकर्मी राजसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। बाद में राजसिंह ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्या की धारा केस में शामिल कर दी थी। अब इस मामले में पुलिस ने नूंह के घासेड़ा निवासी दिलशाद को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया।

### पांच साल पूर्व हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** लगभग पांच साल पहले राजपुरा में फायरिंग करने और मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना धारूहेड़ा पुलिस को 10 मार्च 2019 को दर्ज कराए बयान में राजेश ने बताया था कि जंगल बैबलर में उसके भतीजे की शादी थी। शादी में उसकी भतीजी भी आई हुई थी। उसने आरोप लगाया था कि राजपुरा जौनावास निवासी दिनेश दो-तीन लड़कों के साथ छेड़छाड़ की नीयत से वहां चक्कर लगा रहा था। उसने दिनेश को ऐसा करने से बाज आने को कहा था। राजेश ने बताया कि अगले दिन वह गाड़ी लेकर खटावली गया था। वहां तीन गाड़ियों व बाइक से आए 15-20 लड़कों में से एक उस पर फायर कर दिया। इसके बाद उसके साथ जमकर मारपीट की गई। पुलिस ने उसके बयान पर हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में पुलिस ने भिवाड़ी के फूलबाग निवासी अमित कुमार व झज्जर के कहाड़ी निवासी निकेश को गिरफ्तार किया गया है।

**चुनाव** | थाना खोल प्रभारी प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च कुंड, खोल व डहीना सहित अनेक गांवों से होकर गुजर

## फ्लैग मार्च से की शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने में सहयोग करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के मार्गदर्शन में सोमवार को लोकसभा चुनाव को लेकर थाना खोल एरिये में फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम, अर्धसैनिक बल व बीएसएफ के जवानों ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जिले में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष कराने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान निरंतर फ्लैग मार्च कर रहे है। अधिकारियों ने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं, वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं और संदिग्ध किस्म के लोगों पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस सभी बूथों को चैक कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रही है और खामियों को दूर कराने के लिए विभागों से पत्राचार किया जा रहा है। थाना खोल प्रभारी प्रहलाद सिंह के नेतृत्व में निकाला गया फ्लैग मार्च कुंड, खोल व डहीना सहित अनेक गांवों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वह निर्भय होकर अपना मतदान कर सकें। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन से अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें।






रेवाड़ी। फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस व बीएसएफ के जवान, फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस व बीएसएफ के जवान। फोटो :हरिभूमि

### कानून व्यवस्था बनाना सबका दायित्व: एसपी



एसपी शशांक कुमार सावन ने कहा कि फ्लैग मार्च कानून व्यवस्था बनाने का एक हिस्सा है। हम सबका यह दायित्व बनता है कि कानून का पालन करें और निष्पक्ष व भय रहित चुनाव संपन्न कराएं। चुनाव का शांतिपूर्ण निपटान कराना सबकी जिम्मेदारी है। आमजन किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शरारती व असामाजिक तत्वों, गड़बड़ी फैलाने वाले व नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दे। लोकसभा चुनाव में अशांति फैलाने वाले बदमाशों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप



### होटल के सामने खड़ी बाइक ले गए चोर

**रेवाड़ी।** रामगढ़ के पास एक होटल के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में रामगढ़ निवासी हितेष ने बताया कि वह अपनी बाइक को होटल के सामने खड़ी करने के बाद हरिद्वार घूमने के लिए गया था। वहां से वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। धारूहेड़ा पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### ऑयल मिल में कार्यरत व्यक्ति की पत्नी लापता

**धारूहेड़ा।** क्षेत्र के एक गांव में ऑयल मिल पर काम करने वाले यूपी के व्यक्ति की पत्नी घर से लापता हो गई। युवक ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ ऑयल मिल पर काम करने के लिए आया हुआ है। उसका परिवार मिल पर ही रहता है। 18 मई को उसकी 31 साल की पत्नी कहीं चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद महिला की तलाश शुरू कर दी।

### दस साल से फरार बेल जंपर गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने लगभग दस साल से फरार चल रहे एक बेल जंपर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक आपराधिक मामले में राजस्थान के निंबाहेड़ी निवासी तनवीर को 6 सितंबर 2014 को बेल जंप करने के बाद कोर्ट ने पीओ घोषित किया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को काबू करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया।

### मारपीट व धमकी के आरोप में नामजद

**बव्वा।** बहाला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में ओमप्रकाश ने बताया कि वह अपने भाई की दुकान में बातें कर रहा था। इसी दौरान गांव का नरेंद्र वहां आ गया। उसने आते ही उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसे धमकी दी कि अगर उसके कहे अनुसार वोट नहीं डाली, तो अंजाम बुरा हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सेक्टर में इनोवा गाड़ी चोरी करने का प्रयास

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 में चोरों ने रात के समय इनोवा गाड़ी चोरी करने का प्रयास किया। पुलिस शिकायत में नरेश कुमार ने बताया कि रात के समय उसने अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह उसके पड़ोसी ने बताया कि उसकी गाड़ी का शीशा टूटा हुआ है। जब वह गाड़ी के पास आया तो शीशा टूटा हुआ था। चोरों ने गाड़ी चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### सट्टा खाईवाली करने के आरोप में गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाली करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पाल्हावास निवासी महेश कुमार गुलाबी बाग में सट्टा खाईवाली कर रहा था। पुलिस ने उसे सट्टे 1930 रुपये की राशि के साथ गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने रामपुरा में सट्टा खाईवाली करने के आरोप में 1120 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

हरिभूमि
# सहेली
रोहतक,मंगलवार
21 मई 2024




प्रचलन में यही है कि शादी तय होते समय लड़की-लड़के की हाइट में ज्यादा अंतर ना हो, लड़की तो लड़के की हाइट से ज्यादा हो ही ना। इसी तरह कलर कॉम्प्लेक्शन में भी ज्यादा अंतर नहीं हो। सवाल यह है कि जीवन साथी के चयन में हाइट और रंग-रूप को आधार बनाना क्या सही है? क्या हमें अपनी सोच नहीं बदलनी चाहिए?

कवर स्टोरी / नम्रता नदीम

## शादी के लिए हाइट-कलर क्राइटेरिया
# बदलनी होगी सोच







नीरा की लंबाई 5 फीट, 8 इंच है। बचपन से ही उसकी लंबाई उसकी खूबी रही है। घर आने वाले हर रिश्तेदार और परिचित छूटते ही उसे देखकर कहते, 'नीरा की शादी तो खूब लंबे लड़के से होगी।' खुद के बारे में इन प्रतिक्रियाओं को सुन-सुन कर नीरा के दिलो-दिमाग में बचपन से ही यह बात बस गई कि उसका पति उससे लंबा होगा। लेकिन दिल में बसी इसी बात के चलते अब पिछले तीन सालों में एक दर्जन लड़के, जिनमें कई वाकई बहुत अच्छे थे, लेकिन सब रिजेक्ट हो चुके हैं। किसी की लंबाई नीरा के बराबर थी, किसी की लंबाई उससे महज एक-डेढ़ सेंटीमीटर ही ज्यादा थी, जबकि उसे तो कम से कम तीन से चार सेंटीमीटर लंबा पति चाहिए था। देखते ही देखते नीरा की अच्छी लंबाई उसकी शादी के लिए, एक बड़ी बाधा बन गई। यह अकेली नीरा की कहानी नहीं है। पिछले साल भारत में हुए एक सर्वे से पता चला था कि एक फीसदी लड़कियां भी अपने से जरा-सा भी छोटा लड़का शादी के लिए नहीं चुनतीं, भले अपने से ज्यादा लंबे लड़के की चाहत में उन्हें कई खूबियों से भरे लड़के छोड़ने पड़ें।

### उठाने पड़ सकते हैं नुकसान

अगर लड़कियां शादी के मामले में जरा भी समझौता नहीं करती हैं तो हमेशा उनकी जीत नहीं होती, कई बार उन्हें इस कारण कई नुकसान उठाने पड़ते हैं। यदि लड़के की लंबाई ज्यादा हो और लड़की की लंबाई कम, तो आमतौर पर इस बात पर सोच-विचार नहीं किया जाता, तो फिर लड़कियों की जरा सी ज्यादा हाइट को लेकर इतनी जिद क्यों दिखाई जाए? हालांकि ऐसी बात नहीं कि कम हाइट को लेकर संबंधों के मामले में हिचक न होती हो, लेकिन अगर लड़की की हाइट ज्यादा और लड़के की कम होती है, तो ये लड़की की कमतरी समझी जाती है। अगर लड़की की हाइट लड़के से जरा भी ज्यादा हो तो यह न सिर्फ लड़की के लिए कमतरी के एहसास वाला मुद्दा बन जाता है बल्कि घर-परिवार से लेकर खुद ऐसा लड़का भी, ऐसी लड़की से शादी नहीं करना चाहता। वास्तव में लड़कियों से लड़कों की कम लंबाई हमारे समाज में सामाजिक रूप से कमतरी समझी जाती है।

### बनी-बनाई धारणा

**हाइट या** रंग-रूप को लेकर सिर्फ एक अकेली लड़की की सोच की बात नहीं है, पूरे समाज में ही यह धारणा बनी हुई है कि लड़के को लड़की से थोड़ा लंबा ही होना चाहिए। लड़के लड़की के कलर कॉम्प्लेक्शन में ज्यादा अंतर नहीं होना चाहिए। हालांकि इसका कोई भी वैज्ञानिक कारण नहीं है। ज्यादा से ज्यादा बात यह हो सकती है कि राह में चलते हुए लोगों को उनकी जोड़ी ज्यादा आकर्षक न लगे, लेकिन यह भी बनी-बनाई धारणा ही है।

### आड़े आता है कलर कॉम्प्लेक्शन भी

सिर्फ हाइट को लेकर ही नहीं, लड़कियों में कलर कॉम्प्लेक्शन को लेकर भी वही सोच लागू होती है। जिन लड़कियों के रंग साफ होते हैं, वो कभी भी कम साफ रंग वाले लड़के से शादी नहीं करना चाहतीं। याद करें किसी जमाने में अफसरों और बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ऐसा होता रहा है कि उनके कैसे भी चेहरे-मोहरे होते रहे हों, लेकिन खूबसूरत बीवियां मिल जाती थीं। लेकिन अब मिडिल क्लास में बराबर की हैसियत रखने वालों के बीच ऐसा नहीं होता। लेकिन यह कोई उपलब्धि नहीं है। अनगिनत ऐसे बड़े और प्रभावशाली लोग हैं, जो खुद सांवले हैं, लेकिन उनकी पत्नियां बेहद गोरी हैं। लेकिन जब यही मामला बराबर की हैसियत वालों के बीच आता है, तो आमतौर पर सांवले रंग वाले लड़कों से कम सांवली लड़कियां शादी के लिए कतई तैयार नहीं होतीं। अगर किसी के मन में रंग को लेकर गैरबराबरी की भावना है, तो उससे निकलने का कोई वैज्ञानिक तरीका नहीं है। हम जान लें, न तो श्वेत रंग के लोग ज्यादा बुद्धिमान होते हैं और न ही अश्वेत लोग बेवकूफ होते हैं। इसलिए शादी में संभव हो तो रंग को भी कोई आधार नहीं बनाना चाहिए।

लब्बोलुआब यह कि मामला कलर कॉम्प्लेक्शन का हो या कम हाइट का, लड़कियों को अपनी शादी के लिए इश्यू नहीं बनाना चाहिए। जब शादियां गैरबराबरी स्तर पर होती हैं, उनमें बराबर की सोच, समझ और सम्मान की जगह एकतरफा अधिकार की भावना होती है, वहां रंग या हाइट कोई मायने नहीं रखता।

---

बिहेवियर / शिखर चंद जैन

कई लोगों का इंप्रेशन सबकी नजर में बहुत अच्छा होता है, ये सबके प्रिय होते हैं, इनके सभी काम देखते-देखते बहुत आसानी से हो जाते हैं। ऐसी इंप्रेसिव पर्सनालिटी होना कोई बहुत मुश्किल बात नहीं है, बस अपने बिहेव में कुछ बातों का ध्यान रखें।

## इतना मुश्किल भी नहीं है
# लोगों को इंप्रेस करना



नंदिनी पता नहीं तूने ऐसा क्या जादू कर रखा है, ऑफिस कुलीग्स हों या रिलेटिव्स तुझसे सब खूब इंप्रेस रहते हैं। हर कोई तुझसे ही सलाह लेता है, अपनी प्रॉब्लम शेयर करता है और तेरे कहे काम भी चुटकियों में हो जाते हैं। मुझे तो कभी-कभी तेरे से जलन-सी होती है।' लंच ब्रेक के दौरान महक ने यह बात नंदिनी से कही। उसने मुस्कुरा कर जवाब दिया, 'जादू-वादू कुछ नहीं है। बस सिंपल एटिकेट्स, मेरा बिहेवियर और कुछ छोटी-छोटी ऐसी आदतें हैं, जो बहुत अलग या जटिल नहीं हैं लेकिन लोगों का दिल जीतने के लिए जरूरी हैं। ये बातें कोई भी इंसान अपना कर लोगों को प्रभावित कर सकता है।' नंदिनी ने महक को ऐसी कई बातें भी बताईं, जिन्हें वह अपने बिहेवियर में शामिल कर सबकी प्रिय बने।

**किसी से बहस ना करें :** इस दुनिया में हर किसी के अपने विचार होते हैं। जरूरी नहीं कि आपको दिनभर ऐसे ही लोगों से काम पड़े या बात करनी पड़े, जिनके विचार आपसे मिलते हों। व्यर्थ में किसी से उलझें नहीं, ना उनके विचारों को काटें, ना अपने विचारों से उन्हें सहमत करने की कोशिश करें। ऐसी कोशिश से आपकी ऊर्जा और समय दोनों नष्ट होते हैं, सामने वाले से संबंध खराब होते हैं, साथ ही दूसरों के समक्ष आपकी इमेज लड़ाकू इंसान की बनती है, जबकि इससे फायदा कुछ भी नहीं होता।

**जिम्मेदारी लेना भी सीखें:** कई लोग अपनी जिम्मेदारियों से बचते हैं, दूसरों पर थोपते हैं लेकिन किसी काम की सफलता का श्रेय खुद लेना चाहते हैं, जबकि होना इसके विपरीत चाहिए, आपको आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेनी चाहिए। चाहे वह ऑफिस वर्क हो, किसी भी कार्यक्रम या प्रोजेक्ट की सफलता पर आपको टीम मेंबर्स, कुलीग्स या परिवार के लोगों को श्रेय देना चाहिए। इससे आपके प्रति लोगों की राय एक भले और सुलझे हुए इंसान की बनेगी।

### लोगों को धन्यवाद कहना सीखें

**अपने भीतर** विनम्रता और कृतज्ञता बहुत अच्छी बातें हैं। इनके दूरगामी प्रभाव होते हैं। जब आप छोटी-छोटी सहायता या सहयोग के लिए लोगों को धन्यवाद देती हैं तो लोग आपसे प्रभावित होकर आपके कामों को बहुत आसानी से करने के लिए तत्पर रहते हैं। कोई आपके लिए कुछ भी करे, चाहे वह मदद हो, सीट देने की पेशकश हो, उपहार दे, उसके प्रति मुस्कुरा कर आभार जरूर प्रकट करें। इससे आपकी इमेज एक सभ्य और विनम्र इंसान की बनेगी।

**मौरल बूस्ट करें :** कई बार परिवार का कोई सदस्य, रिश्तेदार, पड़ोसी या ऑफिस कुलीग परेशान रहता है, वह नर्वस या लो फील करता है। ऐसे में आपको बेहद अपनेपन और नरमी से उसकी परेशानी जाननी चाहिए। आपसे जो संभव हो, उसकी मदद करें, उसका हौसला बढ़ाएं। आप चाहें तो उसे आस-पास के कुछ लोगों का उदाहरण देकर उसका आत्मबल बढ़ाएं।

**प्रशंसा करें और विश्वास जीतें :** किसी ने कोई अच्छा काम किया है तो उसकी खुलकर प्रशंसा करें। इसमें कंजूसी ना करें। कई लोग किसी की बुराई करनी हो तो उसकी पूरी गाथा सुना देंगे, लेकिन प्रशंसा करने में उनके मुंह में दही जम जाती है। जब आप किसी की प्रशंसा करती हैं तो उसका मौरल बूस्ट होने के साथ-साथ उसके साथ आपके रिश्ते भी मजबूत होते हैं। ऐसा व्यक्ति प्रतिक्रिया के रूप में आपकी सादगी, सरलता और शिष्टता का कायल होता है और हर जगह आपकी प्रशंसा करता फिरेगा। जाहिर है, इससे समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा, आप सबकी प्रिय बनेंगी।

---

लाइफस्टाइल / सरस्वती रमेश

## जीवन में चाहते हैं
# अगर कुछ ज्यादा

हमारे पास जो है, हम उससे थोड़ा और ज्यादा पाने की कोशिश करते हैं, लेकिन पुराने ढर्रे पर काम करते हुए कुछ एक्स्ट्रा हासिल नहीं किया जा सकता है। यदि हम अतिरिक्त की उम्मीद रखते हैं तो अतिरिक्त प्रयास और कार्य के ढंग में बदलाव लाने होंगे। इस दिशा में हमारी सोच एक बड़ी भूमिका निभाती है।

**एक कदम आगे की सोचें:** यदि आप कुछ अतिरिक्त हासिल करना चाहती हैं तो आपको अपने आस-पास के लोगों से अच्छा प्रदर्शन करना होगा, अपनी सोच, इनसे एक कदम आगे की रखनी होगी। किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए जितने भी आइडिया आपके पास हैं, उसमें कुछ नए आइडियाज जोड़ने पड़ेंगे।

**भय से रहें मुक्त :** हम सब कंफर्ट जोन में रहना पसंद करते हैं। मतलब जो कर रहे हैं, उससे अलग और हटकर करने से हिचकते हैं। जब तक इस सोच से नहीं उबरेंगे, तब तक अतिरिक्त की उम्मीद करना बेकार ही होगा।




**अपनी क्षमताओं को निरंतर बढ़ाएं :** अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम करना बहुत जरूरी है। आज लगभग हर प्रोफेशन में तकनीक की भूमिका बढ़ती जा रही है। तकनीक में नित नए बदलाव होते रहते हैं। अपने फील्ड की पूरी जानकारी होने के बावजूद तकनीकी जानकारी के बिना व्यक्ति की क्षमता का सही आकलन मुश्किल है। इसलिए नई चीजों को सीखना, उनका प्रयोग करना और उससे अपनी कार्यक्षमता को बढ़ाना जरूरी है।

**अपनी अहमियत समझें:** हम अकसर अपने से अधिक कामयाब व्यक्ति को देखकर हीनभावना से भर जाते हैं। हमें लगता है, सामने वाला अधिक योग्य है। उसने जो हासिल किया है, हम नहीं कर सकते। जबकि यदि हम अपनी अहमियत समझें और खुद पर भरोसा रखें तो वह भी हासिल कर सकते हैं जो सोचा भी नहीं था। खुद की अहमियत को समझें और पूरी ईमानदारी से जुट जाएं।

**कटु अनुभवों को भूल जाएं:** हम सबके साथ अच्छी-बुरी घटनाएं घटती हैं। हम अच्छी घटनाओं से खुश होते हैं, बुरे अनुभवों से दुखी। लेकिन कुछ लोग बुरे अनुभवों से निकलने का प्रयास नहीं करते। जबकि आगे बढ़ने के लिए पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। कहने का मतलब बुरे अनुभवों के सबक याद रखिए, बुरे अनुभव नहीं।

---

इन दिनों तेज धूप में अगर घर से बाहर निकलना पड़े तो स्किन के साथ आइज प्रोटेक्शन भी जरूर करें। इसके लिए आप कुछ स्टाइलिश-ट्रेंडी सनग्लासेस ट्राय कर सकती हैं।

## धूप में आइज प्रोटेक्शन के लिए
# स्टाइलिश-अट्रैक्टिव सनग्लासेस



एसेसरीज / ललिता गोयल

गर्मी का मौसम शुरू होते ही तेज धूप से आंखों को बचाने के लिए सनग्लासेस ही एकमात्र उपाय होते हैं। सनग्लासेस आंखों को केवल धूप से ही नहीं बचाते बल्कि स्टाइलिश लुक भी देते हैं। सनग्लासेस आंखों को यूवी रेज से सुरक्षा प्रदान करते हैं, साथ ही ये आपके लुक को इन्हैंस करने में भी मदद करते हैं। अगर आप भी इन गर्मियों में अपने लिए कुछ ट्रेंडी और यूनिक सनग्लासेस लेने की सोच रही हैं तो यहां बताए जा रहे ऑप्शंस ट्राय कर सकती हैं।



**रेट्रो कैट आई सनग्लासेस:** ये सनग्लासेस चेहरे को विंटेज लुक देते हैं। इस स्टाइल के सनग्लासेस चेहरे की खूबसूरती बढ़ा देते हैं। ये सनग्लासेस फैशन से कभी आउट नहीं होते हैं। ये फ्रेम कॉर्नर की तरफ से थोड़े शार्प होते हैं और इस वजह से आपके ओवरऑल लुक को बदल देते हैं।

**ओवरसाइज्ड स्क्वायर फ्रेम सनग्लासेस:** अधिकतर सेलेब्स ओवरसाइज्ड स्क्वायर फ्रेम के सनग्लासेस पहनते हैं। ये फ्रेम ड्रामेटिक और एलिगेंट लुक देते हैं। आप इस तरह के फ्रेम के लिए क्लासिक ब्लैक कलर भी चुन सकती हैं। स्क्वायर सनग्लासेस हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। इसे पहनने के बाद फेस का लुक बदल जाता है। ये ओवल और राउंड फेस पर ज्यादा अच्छे लगते हैं।

**राउंड शेप सनग्लासेस:** इन गर्मियों में आप ट्रेंडी राउंड शेप सनग्लासेस भी वियर कर सकती हैं। इस तरह के फ्रेम आपको रेट्रो वाइब देते हैं। आप किसी भी आउटफिट के साथ इस तरह के सनग्लासेस ट्राई कर सकती हैं। ये फ्रेम आपको कूल लुक भी देते हैं। राउंड सनग्लासेस डिफरेंट कलर, साइज और थिकनेस वाले फ्रेम्स में अवेलेबल हैं।

**एविएटर सनग्लास:** एविएटर सनग्लासेस को पहले लड़कों के लिए मार्केट में लाया गया था, पर अब इसे लड़कियां भी पहनना पसंद करती हैं। वुमेन एविएटर सनग्लासेस इसलिए फेमस हैं क्योंकि इनका लेंस थोड़ा बड़ा होता है और यह कई कलर्स में मिलते हैं। इस वजह से ये सनग्लासेस कॉलेज गोइंग गर्ल्स और यंग वर्किंग वूमेन को खूब पसंद आते हैं।

**फोल्डेबल सनग्लासेस:** आजकल फोल्डेबल सनग्लासेस का यंग वूमेन के बीच काफी ट्रेंड देखा जा रहा है। फोल्डेबल सनग्लासेस कैरी करने में नॉर्मल सनग्लासेस के मुकाबले ईजी होते हैं और छोटे से हैंडबैग में भी आसानी से फिट हो जाते हैं। पहनने पर इनका लुक आकर्षक होता है।

---

सजेशन / अंजू जैन

वैसे तो किसी भी बीमारी से महिला हो या पुरुष, दोनों को लगभग एक ही तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार डायबिटीज से ग्रस्त महिलाओं को अधिक प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं।

# डायबिटिक महिलाएं ऐसे करें हेल्थ केयर



अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल और डाइट हैबिट की वजह से आजकल महिलाएं और पुरुष दोनों डायबिटीज से ग्रस्त होने लगे हैं। देखने में आता है कि पुरुषों के मुकाबले इस बीमारी में महिलाओं को अधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्हें अधिक सजग रहना जरूरी है।

**बॉडी वेट डिसबैलेंस :** डायबिटीज के कारण वजन घटना या बढ़ना सामान्य बात है। साथ ही इंसुलिन लेने और स्किन की समस्या बढ़ने से महिलाओं का फिगर डिसबैलेंस होने लगता है। इससे उनके आत्मविश्वास में कमी देखी जाती है। कई बार इस बीमारी से महिलाओं को मानसिक समस्याएं और ईटिंग डिसऑर्डर भी होने लगता है।

**डायबिटीज बर्नआउट :** डायबिटीज मैनेजमेंट यानी इसे कंट्रोल रखना एक लॉन्ग टर्म प्रक्रिया है। अनियंत्रित ब्लडशुगर और इससे उत्पन्न हेल्थ इश्यूज परेशान करने वाले हो सकते हैं। कई बार तमाम प्रतिबंधों और परहेज से महिलाएं उकता जाती हैं। इससे उन्हें लगता है कि वे अपनी इच्छा के अनुरूप नहीं जी पा रही हैं। यह स्थिति हताशा, थकान और उदासी का सबब बन जाती है।

**इनफर्टिलिटी रिलेटेड इश्यूज:** डायबिटीज के कारण प्रजनन अंगों में कई समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं और सेक्सुअल हेल्थ प्रभावित होती है। वेजाइनल ड्राइनेस, रिप्रोडक्टिव ऑर्गंस की ब्लड वेसल्स में क्षति, दर्द आदि आम समस्याएं भी हो सकती हैं। साथ ही पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम और पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर जैसी समस्याएं भी महिलाओं को परेशान करती हैं। इससे मेंस्ट्रूअल साइकिल में गड़बड़ी, फर्टिलिटी और ओवुलेशन की प्रॉब्लम होती है। जाहिर है इससे गर्भधारण और डिलीवरी की प्रक्रिया जटिल हो सकती है।

**हार्ट डिजीज का रिस्क:** डायबिटीज हार्ट डिजीज का एक बड़ा रिस्क फैक्टर होता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में इसका ज्यादा जोखिम होता है। टाइप टू डायबिटीज से पीड़ित कई महिलाओं में तो हार्ट डिजीज पहले से होता है या कार्डियो वैस्कुलर प्रॉब्लम दिखने लगती हैं। डायबिटीज से पीड़ित महिलाओं में कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ना, हाइपरटेंशन, मोटापा, वैस्कुलर फंक्शन में गड़बड़ी आदि समस्याएं दिखने लगती हैं। असल में महिलाओं में डायबिटीज से इन्फ्लेमेशन और हार्मोनल असंतुलन भी बढ़ सकता है। इसलिए उन्हें सावधानियां बरतते हुए दवा के साथ-साथ लाइफस्टाइल और खान-पान की आदतें भी बदल लेनी चाहिए।

### रोकथाम के उपाय

**यहां बताई** गई इन परेशानियों से बचाव के लिए कुछ कारगर उपाय आजमा सकती हैं।

- अगर आपका वजन औसत से ज्यादा है, तो कोशिश करके इसे घटाएं। 50 से 70 की उम्र में ओवरवेट होना समयपूर्व मृत्यु का एक बड़ा कारण हो सकता है।
- नियमित व्यायाम से ब्लड शुगर कम होता है, वजन घटता है और हार्ट डिजीज से भी प्रोटेक्शन मिलता है। रोज 20-30 मिनट टहलने की आदत डालें।
- हर एक ग्राम वसा में 9 ग्राम कैलोरी होती है, जबकि प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट में सिर्फ 4 ग्राम। आप वसा के सेवन में कटौती करके कैलोरी से बच सकते हैं। गुड फैट भी कम ही लें।
- चीनी, मैदा, चावल, सॉफ्ट ड्रिंक्स में प्रयुक्त स्वीटनर और प्रोसेस्ड फूड हेल्थ के लिए सही नहीं हैं। इससे ब्लड शुगर बढ़ जाता है। इसलिए सब्जियों और सलाद का सेवन बढ़ाएं।

**समयपूर्व मेनोपॉज:** आमतौर पर महिलाओं में मेनोपॉज की उम्र 45 से 50 साल के बीच होती है। लेकिन मधुमेह से पीड़ित महिलाओं में यह कई बार जल्दी ही हो जाता है। डायबिटीज के कारण मेटाबॉलिक प्रक्रिया तो डिस्टर्ब होती ही है साथ ही फीमेल हार्मोंस भी डिस्टर्ब होते हैं।

**(कोलकाता मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. रविकांत सरावगी से बातचीत पर आधारित)**

अगर आपकी है
रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



### मतदान के लिए जागरूक कर रही भजन मंडली

**रेवाड़ी।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम के कलाकारों सहित जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के सहयोग से स्वीप अभियान चला रहा है। विभाग के पार्टी कलाकार ढोलक, चिमटा व हारमोनियम की धुनों पर लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर उंगली पर नीली लकीर, सुन लो भाई सभी को वोट डाल के आना है और देश का भविष्य बनाना है.. लोक गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं।



### नशीला पदार्थ सप्लाई करने का आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 5 मार्च को पुलिस ने एक आरोपी को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि उसे नशीला पदार्थ हिमाचल प्रदेश के बिदोठी निवासी पुष्पराज ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### बवाना से 4 लीटर कच्ची शराब बरामद

**कनीना।** सदर थाना पुलिस ने छापेमारी कर बवाना गांव से चार लीटर कच्ची शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस बारे में थाना इंचार्ज निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम तैयार कर ग्राम सरपंच को साथ लेकर रेड की। बवाना स्थित खाली प्लाट में की गई रेड के समय एक व्यक्ति सरसों की भूसी में कुछ सामान छुपाकर भाग गया।

### मोहलड़ा में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखे

**मंडी अटेली।** अत्यधिक गर्मी को देखते हुए राजकीय प्राथमिक पाठशाला मोहलड़ा में पक्षियों के लिए दाना पानी के तहत छोटे बच्चों ने स्कूल कैंपस में पेड़ों व चार-दीवारी तथा स्कूल के पास बणी में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखे। मुख्य शिक्षक सत्यवीर सिंह ने बच्चों को कहा कि हमें बेजुबान पक्षियों व जानवरों की सेवा करनी चाहिए। इनके लिए दाना पानी रखना चाहिए। ताकि इनका जीवन बच सके। इस मौके पर एबीआरसी सरला देवी, बलबीर सिंह, राजेश कुमार, सुमन देवी व बच्चे उपस्थित रहे।

---

मतदान की तारीख करीब आते ही प्रशासन ने कसी कमर

# चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना जिला प्रशासन का कर्तव्य: मनोज

जिले के तीनों विस क्षेत्रों के एआरओज दे रहे हैं प्रशिक्षण, ईवीएम व वीवीपैट की बारीकियों से जागरूक हो रही पोलिंग पार्टियां



■ मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां गठित

रेवाड़ी। बावल विस क्षेत्र में पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण देते एसडीएम मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा में छठे चरण में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र रेवाड़ी, कोसली व बावल में मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां गठित कर दी गई हैं, जिन्हें ईवीएम व वीवीपैट सहित अन्य मतदान प्रक्रिया के बारे में मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित कर रहे है। रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र का प्रशिक्षण राव तुलाराम स्टेडियम परिसर में एआरओ एवं एसडीएम विकास यादव, कोसली विस क्षेत्र का प्रशिक्षण जैन स्कूल में एआरओ व एसडीएम उदय सिंह तथा बावल विस क्षेत्र का प्रशिक्षण स्वरांजलि स्कूल बिठवाना में एआरओ एवं एसडीएम मनोज कुमार की देखरेख में दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि तीनों विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टी प्रभावी रूप से चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें, इसके लिए हर पहलू से उन्हें अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की पूरी मॉनिटरिंग की जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो इसके लिए पूर्णतया सतर्कता बरती जा रही है।

### सबसे पहले बूथ का निरीक्षण करें पोलिंग पार्टी

प्रशिक्षण के दौरान बावल के एसडीएम मनोज कुमार ने कहा कि यह जिला प्रशासन का कर्तव्य है कि चुनावों को अहिंसा और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं और यह तभी संभव है जब बूथ पर मौजूद प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में सभी मिलकर अपने दायित्व का निवर्हन करें ताकि चुनाव व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकें। एसडीएम ने कहा कि चुनाव सामग्री को संभालने के बाद पोलिंग पार्टी को अपने बूथ पर जाकर सबसे पहले बूथ का निरीक्षण करना चाहिए। बूथ के अंदर किसी राजनेता की तस्वीर नहीं होनी चाहिए। यदि कोई तस्वीर है तो उसे ढक दें या फिर कहीं और रखवा दें। मतदान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम मशीन को खिड़की से दूर रखें। यह भी ध्यान रखे कि प्रत्येक मतदाता ईवीएम का बटन स्वयं दबाए। कोई मतदाता कुछ पूछता है तो उसका पोलिंग पार्टी के सदस्य उसका जवाब दे सकते हैं। ध्यान रहे की मतदान मशीन के समीप एक समय में एक ही व्यक्ति मौजूद हो।

### पोलिंग एजेंट के फार्म पहले दिन ही ही भरवाएं

एसडीएम विकास यादव ने बताया कि मतदान की प्रक्रिया प्रातः 7 बजे से शाम के 6 बजे तक जारी रहेगी। सभी पोलिंग पार्टी मतदान सुबह सात बजे हर हाल में शुरू करा दे। ऐसे में मतदान से संबंधित मॉक पोल प्रक्रिया सुबह 5.30 बजे शुरू करवा दें। यदि कोई मतदाता शाम 6 बजे के बाद भी कतार में लगे हुए हैं तो लाइन में पीछे खड़े मतदाता को पर्ची क्रमांक एक से शुरू कर पहले व्यक्ति तक पर्ची नंबर बांट दें। जिससे कि अन्य मतदाता लाइन में लगकर ना खड़े हो सके। उन्होंने कहा कि बूथ पर जाकर प्रत्याशियों के पोलिंग एजेंट के फार्म पहले दिन ही भरवा लें। इसके लिए फार्म नंबर दस भरा जाएगा। 22 मई तक यह प्रशिक्षण प्रक्रिया जारी रहेगा तथा शुक्रवार 24 मई को पोलिंग पार्टियों को अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही 25 मई को भयमुक्त एवं पूरी पारदर्शिता के साथ मतदान प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

---

# लारवा मिलने पर अब तक 47 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भीषण गर्मी के कारण शहर में मच्छरों का प्रकोप थोड़ा कम हो गया है। जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए लगातार मास फीवर सर्वे किया जा रहा है और घरों में लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस दिए जा रहे है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक 47 लोगों को नोटिस दिए जा चुके है। जिले में इस सीजन में अब तक तीन डेंगू पॉजिटिव केस मिल चुके है। जिले में 6 मई को दो केस व 8 मई को एक डेंगू का केस मिल चुका है। फिलहाल डेंगू के केसों पर विराम लगा हुआ है। गत वर्ष डेंगू के 403 व मलेरिया के 9 केस मिले थे। नागरिक अस्पताल में डेंगू-मलेरिया के संदिग्ध लक्षण वाले लोग जांच के लिए भी पहुंच रहे है। सिविल अस्पताल में ऐसे लोगों के टेस्ट किए जा रहे है। इस बार डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही कमर कस ली है। शहरी व ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य निरीक्षकों की टीम पानी में लार्वा की जांच कर रही है।



**रेवाड़ी।** पानी की टंकी में लार्वा की जांच करती टीम। फोटो : हरिभूमि

### डेंगू व मलेरिया के लक्षण



मलेरिया अधिकारी डॉ अमित यादव व मलेरिया हेल्थ इंस्पेक्टर विरेन्द्र सिंह ने कहा की सीएमओ डॉ सुरेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए सजगता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है।

---

# राजकीय उच्च विद्यालय में लेडी अरुणा पॉल हॉल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय उच्च विद्यालय सुठाना में सोमवार को कपारो पॉवर लि. कंपनी बावल के चेयरमैन डा.आकाश पॉल व निशा पॉल ने अपनी स्व. माता लेडी अरुणा पॉल की याद में बनवाए गए हॉल का उद्घाटन किया गया।

यह हाल करीब 35 लाख रुपए की लागत से तैयार कराया गया है। हॉल का उद्घाटन कंपनी के सीईओ रमन चौपड़ा व एचआर हैड मदनमोहन यादव ने किया। इस मौके पर कंपनी से मोनिका मलिक, हरिओम, अर्जुन पांडेय, अशीष अग्रवाल व कपिल मोहन मौजूद थे। विद्यालय परिवार व ग्राम पंचायत की ओर से कंपनी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया व विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी आरपी सिंह दहिया, डा. मंगत सिंह, राजेश वशिष्ठ, सुनीता यादव, ओमपाल ढिल्लो, पूनम, मीना कुमारी, रंजू, दिनेश, कृष्ण कुमार, लक्ष्मीनारायण एवं ग्राम पंचायत से सरपंच रीना देवी, एसएमसी प्रधान संतोष कंवर, डा. अमर सिंह, महताब सिंह, पूर्व प्राचार्य बिजेंद्र ढिल्लों, प्रकाश, नवल सिंह, दारा सिंह, संजय व सतबीर आदि रहे।



**रेवाड़ी।** स्कूल में नवनिर्मित हॉल का उद्घाटन करते अधिकारी।

---

# लोकतंत्र के मूल तत्वों को मजबूत करती मतदान प्रक्रिया: सोमाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राष्ट्रीय नवचेतना मंच की ओर से से 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंच के अखिल भारतीय संयोजक विजय सोमाणी ने तावडू, नूंह, रेवाड़ी और बावल क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। सोमाणी ने कहा कि लोगों को समझना होगा कि कौन-कौन उम्मीदवार जनता को हक दिलाने में कामयाब हो पाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षित, स्थिर, समर्थ और मजबूत लोकतंत्र का मतलब राष्ट्र की तरक्की सुनिश्चित करना है, इसके लिए सभी को शत-प्रतिशत मतदान करना चाहिए। मतदान के माध्यम से हम लोकतंत्र को मजबूत ही नहीं, बल्कि देश की तरक्की भी सुनिश्चित कर सकते है। इस महापर्व में देश के प्रत्येक जन की आहुति अनिवार्य है। ऐसे में इस दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। सोमाणी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया लोकतंत्र के मूल तत्वों को मजबूत करती है, जिसमें जनता की भागीदारी, स्वतंत्रता और समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह उत्साह और समर्थ जनता को सकारात्मक परिवर्तन का साहस और शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने



**रेवाड़ी।** अभियान के दौरान ग्रामीणों के साथ विजय सोमाणी।

---

# अंडर-14 में दीपेश और तानी बने विजेता

■ खंड स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में सोमवार को खंड स्तरीय योगा ओलंपियाड का आयोजन किया गया। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रेवाड़ी खंड के विभिन्न विद्यालयों से सैंकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि योग प्राणायाम से न केवल हमारा शरीर सुडौल एवं ताकतवर बनता है, बल्कि विभिन्न बीमारियों से भी कोसों दूर रखता है। गुरुकुल घासेड़ा से आचार्य रतन देव, नवीन कुमार तथा योग शिक्षक जयदीप आर्य ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई तथा योग शिक्षक शीतल यादव ने प्रतियोगिताओं का संचालन किया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने विजेताओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने सभी से दैनिक जीवन में योग और आयुर्वेद को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर समाजसेवी जयप्रकाश आर्य, महेंद्र सिंह,योग शिक्षक ममता सैनी, एसएमसी सदस्य कैप्टन फकीरचंद, प्रदीप कुमार, प्रेस सचिव मुकेश कुमार, प्रवक्ता सोमबीर यादव, अध्यापक रविंद्र कुमार सैनी, नरेंद्र सिंह, प्रिया देवी च्व पूनम देवी ने सहयोग दिया।



**रेवाड़ी।** अतिथियों व शिक्षकों के साथ विजेता प्रतिभागी।

### यह रहे परिणाम

कार्यक्रम प्रभारी प्रवक्ता कांता लहकरा ने बताया कि अंडर-14 बाल वर्ग में गुरुकुल किशनगढ़ घासेड़ा से दीपेश प्रथम, उत्तम सागर द्वितीय तथा विशाल तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-14 बालिका वर्ग में आरपीएस रेवाड़ी की तानी प्रथम, राज स्कूल से यशिका द्वितीय तथा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल बीकानेर की काजल तृतीय स्थान पर रही। अंडर-17 बाल वर्ग में गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल महेश्वरी से निशांक प्रथम, आरपीएस रेवाड़ी से गौरव द्वितीय तथा राजकीय उच्च विद्यालय चिल्हड़ से जतिन तृतीय तथा अंडर-17 बालिका वर्ग में राजकीय मॉडल संस्कृति की तनिषा ने प्रथम रही।

---

# श्रद्धालुओं ने सोम प्रदोष व्रत रखकर की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हर महीने में कृष्ण पक्ष और दूसरी शुक्ल पक्ष में दो त्रयोदशी पड़ती हैं। वैशाख माह चल रहा है। सोमवार को श्रद्धालुओं ने प्रदोष व्रत रखकर पूरे विधि-विधान के अनुसार देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। नित्य कार्यों से निवृत होकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का दूध-दही, घी, शहद व गंगाजल से अभिषेक किया। सोम प्रदोष व्रत का धार्मिक दृष्टि से बड़ा ही महत्व है। कहा जाता है कि सोम प्रदोष व्रत करने से भगवान भोलेनाथ भक्तों पर बड़े प्रसन्न होते हैं। इन पर भोलेनाथ की असीम कृपा होती है। इतना ही नहीं सोम प्रदोष व्रत से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति भी मजबूत होती है। कहा जाता है कि इस समय में जो भी भक्त सोम प्रदोष व्रत की कथा का पाठ करते हैं, उनको भोलेनाथ मनचाहा वरदान देते हैं। यह व्रत भगवान शिव को समर्पित है। यह कहा जाता है कि सोम प्रदोष पर भगवान शिव, देवी पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय और नंदी की पूजा भी श्रद्धालुओं को करनी चाहिए।

---

# विद्यार्थी 11वीं और 12वीं कक्षा से पढ़ सकेंगे योग विषय

■ सीबीएसई कौशल शिक्षा के तहत होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीबीएसई ने कौशल आधारित शिक्षा के तहत और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को ध्यान में रखते हुए कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं में योग विषय को बतौर कौशल विषय के रूप में मान्यता दी है। योग प्रवक्ता डा. धर्मवीर यादव ने कहा कि स्किल शिक्षा विभाग सीबीएसई की यह एक अच्छी पहल है। वर्तमान प्रतिस्पर्धा में माता पिता, अध्यापकों और पढ़ाई का अधिक दवाब विद्यार्थियों को अपने पथ से बहुत विचलित कर रहा है, जिससे छात्र आत्महत्या तक का कदम उठाने लगे हैं। योग की आसन, प्राणायाम, मुद्रा बंध, ध्यान, मंत्र व षटकर्म सहित अनेक विधाओं से विद्यार्थी शारीरिक मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनेंगे और सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर सकेंगे। विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा के समय जो तनाव होता है, उसको कम करने में योग बहुत सहायक होता है साथ ही विद्यार्थी में उत्साह व सकारात्मक सोच विकसित होती है। पार्ट बी योग कौशल विषय पर आधारित है, जिसके 40 अंक निर्धारित हैं। 50 अंक के पेपर में दो सेक्शन होते हैं, जिसमें कुल 21 प्रश्न होते हैं। 21 प्रश्न में से विद्यार्थी को 15 प्रश्नों के उत्तर निर्धारित दो घंटे में देने होते हैं। 24 अंक के सब्जेक्टिव टाइप प्रश्न आते हैं और 26 अंक के ऑब्जेक्टिव टाइप प्रश्न आते हैं। डा. धर्मवीर ने कहा कि 12वीं कक्षा में योग को एक विषय के रूप से पढ़ा हुआ विद्यार्थी बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज, बैचलर ऑफ आयुर्वेद मेडिसिन एंड सर्जरी, यूजी और पीजी योग, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट की पढ़ाई करके योग अच्छा भविष्य बना सकते हैं।

### स्किल कोर्स के अनुसार योग्यता भी निर्धारित



उन्होंने कहा कि योग से शरीर स्वस्थ रहेगा और परीक्षा के समय बीमार और तनाव चिंता व अवसाद न के बराबर रहेगा। इस परीक्षा में विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ-साथ स्वास्थ्य और भविष्य में रोजगार के अच्छे अवसर भी प्राप्त कर सकता है। इसलिए भारत में सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय केवीएस, जेएनवी, पीएमश्री स्कूल, सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल और राज्यों के सरकारी, गैर सरकारी व अर्ध सरकारी स्कूलों में भी ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी योग को नियमित विषय के तौर पर पढ़ रहे हैं। डा. धर्मवीर ने बताया की योग विषय का कोड 841 है और इस विषय को पढ़ाने के लिए सीबीएसई ने स्किल कोर्स के अनुसार योग्यता भी निर्धारित की है। पीजी डिप्लोमा के साथ 2 साल का अनुभव या यूजी डिप्लोमा के साथ 5 साल का अनुभव या मास्टर डिग्री के साथ 2 साल का अनुभव या एमपीएड और जिनका बीपीएड में अनिवार्य योग विषय रहा हो, वही योग शिक्षक पढ़ा सकता है। योग विषय का पेपर कुल 100 अंकों का होता है। 50 अंक का थ्योरी का पेपर होता है और 50 अंक की प्रायोगिक परीक्षा होती है। थ्योरी के दो भाग होते है।

---

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताजपुर में हुआ कार्यक्रम

# उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताजपुर में कक्षा दसवीं व बारहवीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच के पिता जगमोहन शर्मा थे। जबकि अध्यक्षता स्कूल की कार्यवाहक मुखिया माया यादव ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में जरूरतमंद विद्यार्थियों की हर प्रकार से सहायता करने की बात कही। प्रवक्ता राजेश, कवींद्र सचदेवा, रामकुमार यादव, माया यादव ने विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन व शिक्षाप्रद कहानियों के माध्यम से संदेश दिया। इस अवसर पर 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में टॉपर रही अर्चना पुत्री लक्ष्मण को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में टॉपर रही जया पुत्री कृपाल को भी पगड़ी से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रवक्ता कविंद्र सचदेवा ने किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 12वीं कक्षा में कुल 21 बच्चों में से 10 बच्चों ने मेरिट में स्थान पाया व दसवीं कक्षा के कुल 26 बच्चों में से सात बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। बोर्ड परीक्षा में दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम में 12वीं कक्षा की कुमारी अर्चना ने राजनीति विज्ञान विषय में 100 में से 99 अंक प्राप्त कर अव्वल रही। 12वीं कक्षा के प्रभारी प्रवक्ता राजेश यादव ने कहा कि आगे मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। रामकुमार शास्त्री ने कहा कि आज के दौर में लड़कियां सफलता अर्जित कर आत्मनिर्भर बन रही है। ऐसे में किसी से अपेक्षा किए बिना सभी लड़कियां आत्मनिर्भर बने। शारीरिक मानसिक रूप से ताकतवर बनने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। विद्यालय मुखिया माया यादव ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों को आज अपने परिश्रम का इनाम मिल रहा है। मुख्य अतिथि जगमोहन शर्मा ने कहा कि बच्चे अपने अंदर की प्रतिभा को जगाएं और लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े ऐसे में हमेशा नया मुकाम मिलता रहेगा। समारोह में प्राचार्य सत्यवीर सिंह व ताजपुर से वीरसिंह, विकास, प्रवक्ता कुसुम यादव, उमा कुमारी, गायत्री देवी, सुनीता हैड टीचर, मनजीत, कुसुम सैनी, सत्येंद्र पीटीआई, भूपसिंह क्लर्क आदि मौजूद थे।



**नारनौल।** विद्यार्थियों को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

---



# एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में सम्मान समारोह का आयोजन

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं के पासआउट विद्यार्थियों को एनएसएस के मेरिट प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि इन विद्यार्थियों ने एनएसएस के स्वयंसेवक के रूप में दो वर्ष तक समाज में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा नशे के खिलाफ जागरूकता लाने का कार्य किया था। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने सभी स्वयंसेवक को सतत मेहनत के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपाधापी के इस युग में परोपकार से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। एनएसएस के विद्यार्थियों ने न केवल सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया, बल्कि नशा उन्मूलन व बेटी बचाओ-बेटी पढाओ थीम पर भी सकारात्मक रूप से कार्य किया। इस मौके पर पूर्णसिंह, नरेंद्र यादव, सीईओ आरएस यादव, सुरेंद्र कुमार, संदीप कुमार मौजूद थे।

### एनआईओएस बोर्ड से परीक्षा देकर बच सकता है एक साल

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई एवं हरियाणा बोर्ड या अन्य बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 10वीं 12वीं के फेल या कंपार्टमेंट के विद्यार्थी इसी वर्ष एनआईओएस बोर्ड से परीक्षा देकर अपना एक साल बचा सकते हैं। यह जानकारी डीआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के प्रभारी ने दी।

**NOTICE**

I, Rakesh singh, Resi of VPO Basai, Mahendergarh, Contestant General Election 2024 from Rohtak Lok Sabha seat 07.declare that an FIR No 136 Dated 2/04/2017 U/S 147, 149, 188, 283 IPC police station Mahendergarh Case No CH1-183-2017 was lodged and next hearing is on 21/08/2024.
This case is under consideration of Honorable CJ (JD)- cum- JMIC Mahendergarh Court.

### नगर परिषद ने मेंटीनेंस के नाम पर ट्रैफिक लाइटों पर लाखों रुपये किए बर्बाद


# चौराहों पर लंबे समय बाद नई ट्रैफिक लाइट लगाने का कार्य शुरू, ट्रैफिक कंट्रोल करने में मिलेगी मदद

## एक बार भी ट्रैफिक कंट्रोल करने में नहीं आई काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर की सड़कों पर लाखों रुपये की लागत से लगाई गई लंबे समय से खराब पड़ी ट्रैफिक लाइटों को सुचारू करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर परिषद की ओर से देखरेख के अभाव में पिछले 7 साल से शहर की ट्रैफिक लाइटें क्षतिग्रस्त होकर पोल पर लटकी हुई थी। इन लाइटों पर मेंटीनेंस के नाम पर भी लाखों रुपये बर्बाद किए जा चुके है। कई जगह से तो ट्रैफिक लाइटें गायब भी हो चुकी है। शहर के प्रमुख 7 मार्गों पर लाखों रुपये की ट्रैफिक लाइटें लगाई गई थी। शहर में लगाई गई ट्रैफिक लाइटों पर ने तो नगर परिषद ने ध्यान दिया और न ही यह लाइटें यातायात व्यवस्था सुचारू करने में काम आ पाई।

■ कई जगह से तो ट्रैफिक लाइटें गायब भी हो चुकी







रेवाड़ी। अग्रसेन चौक पर ट्रैफिक लाइट लगाते हुए कर्मचारी व अग्रसेन चौक पर लगाई गई ट्रैफिक लाइट व चौक पर रखी हुई नई ट्रैफिक लाइटें। फोटो :हरिभूमि

### देखरेख के अभाव में टूट चुकी लाइट

पुलिस व नगर परिषद के बीच तालमेल की कमी के कारण ट्रैफिक लाइटों को लेकर खींचतान बनी हुई थी। प्रशासन के दखल के बाद एक बार ट्रैफिक लाइटें चालू करने की सहमति दी गई, लेकिन समय पर मेंटीनेंस नहीं होने के कारण यह लाइटें बाद में जवाब दे गई। शहर में विभिन्न चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटों को दो बार लाखों खर्च करके ठीक कराया जा चुका है, लेकिन देखरेख के अभाव में कई पोल पर ट्रैफिक लाइटें टूटकर लटक गई है। यहां तक भी वर्तमान में ट्रैफिक लाइटों के लोहें के पोल जर्जर अवस्था में आकर टूटकर सड़क पर गिर रहे है। शहर की ट्रैफिक लाइटें दुरुस्त कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सीएलजी कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट सुनील भार्गव ने परमानेंट लोक अदालत के बाद सिविल जज कोर्ट में शिकायत दी थी, जिसके बाद कोर्ट ने नगर परिषद को ट्रैफिक लाइटों का दुरुस्त करने के आदेश दिए थे, जिसके बाद सोमवार को नगर परिषद की ओर से ट्रैफिक लाइटें लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

### शहर में सात जगह लगाई जाएंगी लाइट

*नगर परिषद की ओर से पंजाब के पटियाला जिले की फर्म सैनको इलेक्ट्रिक को शहर में ट्रैफिक लाइटें लगाने का ठेका दिया गया है। शहर के सात चौराहों पर करीब 24 लाख से ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएंगी। शहर में कई जगह ट्रैफिक लाइटों को रिपेयर किया जाएगा तथा जहां जरुरत होगी वहां नए पोल व नई ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएंगी। शहर के अग्रसेन चौक, बावल चौक, नाईवाली चौक, झज्जर चौक, अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी व राव अभय सिंह चौक पर ट्रैफिक लाइटें लगाई जाएंगी। सोमवार को अग्रसेन चौक से ट्रैफिक लाइटें लगाने का कार्य शुरू किया गया।*

### एक बार भी सुचारू नहीं हुई ट्रैफिक लाइट

*शहर में लंबे समय से खराब पड़ी ट्रैफिक लाइटों को सुचारू करने के लिए कई बार परमानेंट लोक अदालत में याचिका दायर की गई थी। नगर परिषद व पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक लाइटों के पास ट्रैफिक पुलिसकर्मी की तैनाती करने के आदेश भी दिए गए। शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए लाखों रुपए की लागत से लगाई गई ट्रैफिक एक बार भी अपना काम सुचारू रूप से नहीं कर पाई। इसका मुख्य कारण नगर परिषद व पुलिस विभाग में तालमेल की कमी रहा।*

### सिविल जज कोर्ट में पहुंचा था मामला



वरिष्ठ अधिवक्ता एवं हरियाणा रेडक्रास सीएसआर सब कमेटी के सदस्य सुनील भार्गव एडवोकेट ने वर्ष 2019 में परमानेंट लोक अदालत में एक शिकायत ट्रैफिक लाइट को लेकर दायर की थी, जिसको लेकर अदालत के चेयरमैन व मेंबर ने नगर परिषद को ट्रैफिक लाइटों को ऑपरेट करने की हिदायत दी थी। एसपी को हिदायत दी थी कि ट्रैफिक लाइटों के पास सुबह 8 से रात के 8 बजे तक एक पुलिस कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं ताकि लोगों को ट्रैफिक लाइटों की पालना कराई जा सकें।



रेवाड़ी। ज्ञापन सौंपते हुए नंबरदार एसोसिएशन के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# मांग को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

■ नंबरदारों ने नई नियुक्ति पर लगी रोक हटाने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नंबरदार एसोसिएशन जिले की मासिक बैठक सोमवार को बाल भवन में जिला प्रधान उदयराज राव की अध्यक्षता आयोजित की गई। सोमवार को नंबरदारों ने सीएम नायब सिंह सैनी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर हरियाणा के 35 हजार नंबरदारों के पदों को लेकर सरकार की नीति व नियत की जानकारी स्पष्ट करने की मांग की है। जिला प्रधान ने कहा कि एक तरफ पूर्व सीएम हरियाणा के नंबरदारों को सरकार की आंख, नाक व कान बताते हुए ग्रामीण क्षेत्र की सरकार कहकर उन्हें हाईटेक करने के लिए मोबाइल सुविधा देते है तो दूसरी ओर नंबरदारों के रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां करने पर रोक लगाई हुई है। सरकारी की इस नीति पर बहुत से नंबरदारों ने अपनी नियुक्ति के लिए तहसील से लेकर उच्च न्यायालय तक केस फाइल किए हुए हैं, जिसमें उनका बहुत समय एवं पैसा खर्च हो चुका है, परंतु सरकार ने उनकी नियुक्ति को अधर में लटका रखा है। इससे हरियाणा में 35 हजार नंबरदारों व उम्मीदवार नंबरदारों के परिवारों में भारी रोष है। जिला उपप्रधान सेवानिवृत्त हैडमास्टर अर्जुन सिंह नंबरदार, तहसील प्रधान जसवंत सिंह, उपप्रधान धर्मसिंह, जिला महासचिव धर्मबीर नंबरदार, प्रेस सचिव जोगेन्दर राव, सचिव रूपचंद, कार्यकारिणी सदस्य सुंदरलाल, प्रहलाद सिंह, दीवान सिंह, रामप्रताप, मांगेलाल, दयानंद गुजरीवास व रविन्द्र ने सीएम से नंबरदारों की नई नियुक्ति पर लगी रोक को तुरंत प्रभाव से हटाने की मांग की है, क्योंकि राजस्व विभाग का कोई कार्य नंबरदारों की तहदीक के बिना पूरा नहीं किया जाता है। जमीन की रजिस्ट्री, वारिसों की पहचान व जमीन की गिरदावरी सहित अनेक कार्य आज भी नंबरदार कर रहे है।

## खबर संक्षेप



### गांजा सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने नशीला पदार्थ गांजा सप्लाई करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नारकोटिक्स सेल ने अर्जुन नगर निवासी योगेश उर्फ टकला को गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने गांजा गुरूग्राम की धारा कॉलोनी निवासी धीरज ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज इस मामले में धारा को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### हरिद्वार के लिए घर से गया युवक लापता

**बावल।** गत 13 मई को हरिद्वार के लिए घर से निकला एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में जटवाड़ा मोहल्ला निवासी गौरव ने बताया कि उसके पिता 48 वर्षीय भारत के पास 13 मई को हरिद्वार जाने के लिए फोन आया था। उसका पिता रात को कपड़े लेकर घर से हरिद्वार के लिए निकल गया था। अगले दिन फोन किया तो उसके पिता का मोबाइल बंद आया। उसके पिता का कोई पता नहीं लग पाया है।

# मेवात के पिछड़ेपन का दाग धोया, अब बजेगी रेल की सीटी: राव इंद्रजीत

■ नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन के डीपीआर हुई तैयार जल्द होगा काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह/गुरुग्राम

गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि मेवात में अब रेल की सीटी बजकर रहेगी। सरकार ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। योजना का खाका तैयार हो रहा है। आने वाले पांच सालों में मेवात के नागरिक रेल का सफर कर सकेंगे। साथ ही नूंह से फिरोजपुर झिरका फोरलेन की डीपीआर भी तैयार हो गई है। इस पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। राव सोमवार को फिरोजपुर झिरका विधानसभा के गांव गोपालपुर, चांदड़ाका, मऊ रनियाला, भाकड़ोजी, अगोन, साकरस, नगीना, मरोड़ा, उमरा गांवों में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से सरकार ने मेवात में रेल लाने के लिए बजट का प्रावधान कर खाता खोल दिया गया है। शुरुआती तौर पर एक करोड़ रुपये खाते में डाले गए है। तावडू व सोहना के साथ मेवात के आधे हिस्से को पैसेंजर ट्रेन से जोड़ने के लिए ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर से जोड़ने की योजना का काम चल रहा है इसे जल्दी पूरा किया जाएगा।



गुरुग्राम। संबोधित करते गुड़गांव लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह।

### 25 मई मतदान के दिन रहेगा पेड होली-डे



डीसी राहुल हुड्डा।

**रेवाड़ी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में 25 मई को होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव को लेकर राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में पेड होली-डे रहेगा। इसके साथ ही सभी फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों व दुकानों में भी इस दिन कर्मचारियों के लिए पेड होली-डे रहेगा ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी कर सकें। मतदान सुबह 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक होगा।

# श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित श्री श्याम बाबा के मंदिर में गत रात्रि मोहनी एकादशी पर श्री श्याम प्रभु का 104वां भव्य संकीर्तन आयोजित किया गया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में दिल्ली से भजन गायक कुमार वीरेन्द्र व गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा ने अनेक मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। देर रात तक चले संकीर्तन में श्याम बाबा के भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे। एकादशी पर श्याम बाबा का मनमोहक श्रृंगार राम निवास यादव ने कराया। श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने श्याम बाबा की विधिवत रूप से ज्योत प्रज्जवलित करके संकीर्तन का शुभारंभ किया। सोमवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्याम बाबा के जागरण में चरत अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, अमित गुप्ता, महेश गोयल, मनीष सचदेवा, कृष्ण मुरारी, सुभाष शर्मा, अनिल गुप्ता, नवीन भारद्वाज, हेमंत, मीनाक्षी, शीतल, वंदना, नंदिनी, हिना, शालू, सपना, चारू, आरती व कविता सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की हाजरी रही।



रेवाड़ी। जागरण में सजा श्रीश्याम बाबा का दरबार। फोटो :हरिभूमि

### श्याम भजनों का गुणगान

मोहनी एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश वंदना व 'मेरी जीवन की नैया मेरा श्याम चलाता हैं, अब क्यों घबराऊं मैं मेरा श्याम से नाता है' सहित अनेक भजन सुनाकर संकीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद दिल्ली से गायक कुमार वीरेन्द्र ने अनेक भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। भजन गायक ने 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, ओ राम आएंगे'.., 'इतनी कृपा सावरे बनाएं रखना, हमें मरते दम तक सेवा में लगाए ...।



## उच्चतर शिक्षा निदेशालय की टीम ने कंवाली कॉलेज का किया वार्षिक ऑडिट

**रेवाड़ी।** गांव कंवाली स्थित श्री कृष्ण राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक गतिविधियों की जांच की गई। उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से टीम के सदस्यों ने वार्षिक शैक्षणिक और लेखा-जोखा चेक किया। प्रतिनिधियों ने कॉलेज की संरचना और आधार भूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। ऑडिट कमेटी में इंदिरा गांधी विश्वविधालय की प्रतिनिधि डा. अदिती रात्री चेयरपर्सन के रूप में उपस्थित रही। के एल गेहूता दयानन्द महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डा. मंजू दुआ ने एलुमनाई कोमल एवं आईक्यूएसी की सदस्य पूनम कुमारी से महाविद्यालय में छात्राओं को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्राचार्य संगीता यादव एवं उपाअधीक्षक सुमित्रा ने कमेटी के पदाधिकारियों व टीम सदस्यों का स्वागत किया। कॉलेज से डा. गीता, डा. निशा, अनीता, पूनम, सुदेश, रीना बलवन्त, वेदप्रकाश, संजय लाइब्रेरियन, संजय कम्प्यूटर अनुदेशक, योगेश कम्प्यूटर अनुदेशक व दिनेश ने वार्षिक ऑडिट में सहयोग किया। चेयरपर्सन डा. अदिति शर्मा ने बताया कि उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से कॉलेजों में वार्षिक ऑडिट किया जा रहा है।

# पुलिस की सतर्कता ही असामाजिक तत्वों पर लगा सकती अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में पर्यवेक्षण अधिकारियों व कार्यालय के अधिकारियों की मीटिंग में लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष, स्वतंत्र और शांतिपूर्ण रूप से करवाने के लिए सभी तैयारियों में जुट जाएं तथा चुनाव से संबंधित सभी कार्यो को अति शीघ्र पूरा करें। चुनाव से पहले तथा चुनाव के समय प्रत्येक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने उत्तरदायित्वों की जानकारी होनी चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू ढंग से सम्पन्न हो सकें। कोई भी अधिकारी चुनाव ड्यूटी को लेकर अपने मन में किसी प्रकार का संशय न रखें और उसे समय रहते दूर कर लें। एसपी ने कहा कि पुलिस की सतर्कता ही चुनाव में असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगा सकती है। मीटिंग में डीएसपी हेडक्वार्टर पवन कुमार, सुरक्षा शाखा इंचार्ज निरीक्षक सुरेश कुमार, रीडर एएसआई तेजपाल व सेना लिपिक एएसआई अरुण कुमार मौजूद थे।



रेवाड़ी। पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एसपी। फोटो :हरिभूमि



### आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे विद्यार्थी

**रेवाड़ी।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आमजन को आने वाली 25 मई को लोकसभा आम चुनाव में मतदान के लिए जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप गतिविधियों की नोडल अधिकारी अनुपमा अंजलि गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रही है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनावास के विद्यार्थियों ने सोमवार को जिलेभर में ग्राम व नगर के प्रमुख स्थानों पर नुक्कड़ नाटक किए गए। प्राचार्य डा.लक्ष्मीनारायण के मार्गदर्शन व सतीश मस्तान के निर्देशन में स्कूल के बच्चे नाटक के माध्यम से आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। छात्रा कोमल, रिया, चंचल, संजना, स्वीटी, किशन, रोहित, वंदना, निसिका, एकता व जिया ने शिक्षिका ज्योत्सना यादव के नेतृत्व में लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक किया और मतदान करने का संकल्प भी दिलाया। एडीसी अनुपमा अंजलि ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए विद्यालय द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर अजय यादव, निदेश कौशिक, नरेंद्र कौशिक व महावीर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



## श्री राम कुटी में एकादशी पर हुआ सत्संग का आयोजन

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा सेक्टर-6 स्थित श्री राम कुटी में अखंड परमधाम सेवा समिति की ओर से सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य मलूक सिंह ने कहा कि तत्त्वज्ञान में बुद्धि और श्रद्धा व विश्वास रखने वाले पुरुष का अन्तःकरण शुद्ध होने से वह सदगुरु के उपदेश सुनने मात्र से ही आत्म ज्ञान प्राप्त कर लेता है। परंतु वासनायुक्त और विकारों से ग्रस्त पुरुष को चित्त को निर्मल करने में काफी समय लग सकता है। बिना बुद्धि वाला पुरुष आजीवन जिज्ञासा करके भी आत्म ज्ञान पाने से वंचित रह जाता है। वह सत्य को बुद्धि से जानना चाहता है, जबकि तत्त्व ज्ञान बुद्धि का विषय नहीं है। इस मौके पर नानक चंद, भोलाराम गुप्ता, मुकेश गोदारा, उमेश शर्मा, लक्ष्मण सिंह, मुकेश यादव, सुशीला, संतोष व जानवी यादव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

**मौसम** इस सप्ताह बढ़ेगा हीटवेव का प्रकोप, तापमान जा सकता है 47 डिग्री तक

# जबरदस्त हीटवेव के बीच एक डिग्री की राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

चार दिन से भारी गर्मी व हीटवेव से सोमवार को लोगों को 1 डिग्री सेल्सियस की मामूली राहत मिली है। दूसरी ओर रात का तापमान काफी बढ़ गया है, जिससे गर्मी से लोगों की रातों की नींद भी हराम होने लगी है। इस सप्ताह गर्मी के प्रकोप में कमी आने की कोई उम्मीद नहीं है। तापमान सप्ताह के अंत तक 47 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिसके बाद हीटवेव लोगों को अस्पताल पहुंचाने का काम भी कर सकती हैं।

भारी गर्मी के बीच आसमान में आंशिक बादल छाने का क्रम भी लगातार चल रहा है। सोमवार सुबह के समय आसमान में गहरे बादल छाए रहे। सुबह 8 बजे के बाद मौसम साफ होते ही गर्मी एक बार फिर चरम पर आ गई। अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 45 डिग्री पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29 डिग्री पर पहुंच गया। अब रात के समय भी भारी गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। दिन के समय बाजार सूने नजर आते हैं। सड़कों पर ट्रैफिक कम हो जाता है। गांवों में भी लोग लू के प्रकोप से बचने के लिए दोपहर के समय घरों से बाहर नहीं निकल रहे। मौसम विभाग के अनुसार हीटवेव अभी कुछ दिन और परेशान कर सकती है। मंगलवार से तापमान में एक बार फिर से वृद्धि हो सकती है। सप्ताह के अंत तक तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है। रात का तापमान भी 30 डिग्री पहुंच सकता है। अब कुछ दिनों तक लोगों को दिन-रात भारी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### रात के तापमान में आने लगा उछाल



रेवाड़ी। सोमवार सुबह आसमान में छाए बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

### तेजी से बढ़ रही बिजली की डिमांड

भारी गर्मी के कारण बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। उपलब्धता पर्याप्त होने के कारण अभी पावर कटों की समस्या नहीं गहराई है। रविवार शाम तक बिजली निगम ने 137.89 लाख यूनिट बिजली की आपूर्ति की। रात का तापमान बढ़ने के बाद बिजली की मांग इस बार 150 लाख यूनिट तक पहुंच सकती है। इसके बाद लोगों को पावर कटों का सामना करना पड़ सकता है। जल्द ही कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़नी शुरू हो जाएगी, जिससे लोगों को पावर कटों का सामना करना पड़ेगा।